हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026



## हिंदू नववर्ष, आज शहर भ्रमण करेंगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर कल 19 मार्च को शहर में भव्य मोटर साइकिल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में सर्व सनातन समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन होगा। शोभायात्रा संध्या 4 बजे महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी श्रद्धालु मोटर साइकिलों के साथ शामिल होंगे। भगवा ध्वजों और जयघोष के साथ यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः महावीर चौक पहुंचेगी। विश्व हिंदू परिषद के समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाएं और नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ करें। साथ ही संगठनों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजाएं और दीप प्रज्वलित कर हिंदू नववर्ष का स्वागत करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव को भी प्रोत्साहित करता है। आयोजकों के अनुसार इस शोभायात्रा का उद्देश्य हिंदू नववर्ष के प्रति समाज में उत्साह जागृत करना तथा सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। रैली के दौरान "जय श्री राम" और नववर्ष की शुभकामनाओं के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहेगा।

### श्रद्धाभक्ति का माहौल, होगी शक्ति की देवी की आराधना

# नौ दिन होगी विशेष पूजा-अर्चना, पदयात्री रूट वन-वे, जगमगाएगी मनोकामना ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र की शुरूआत कल 19 मार्च यानी गुरुवार से होने जा रही है। इस बार शुक्ल योग में कलश स्थापना के साथ ही हिंदू नव संवत्सर-2083 प्रारंभ होगा। इस बार पूरे 9 दिनों तक देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर देखने को मिलेगा। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के लिए भी मार्ग पर इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। वहीं मंदिरों में मनोकामना ज्योत की बुकिंग का दौर जारी है।

उल्लेखनीय है कि आज से ही हिंदू नव संवत्सर-2083 यानि हिंदू नववर्ष की भी शुरूआत होने जा रही है। इस दिन को सबसे महत्वपूर्ण और पुनीत दिवस माना गया है, क्योंकि आज ही के दिन ब्रह्माजी ने पूरे सृष्टि की रचना की थी। इस दिन जो वार पड़ता है, उसी को वर्ष का राजा माना जाता है, इसलिए इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। वहीं इस साल के मंत्री मंगल ग्रह होंगे, इसलिए इस संवत का नाम रौद्र रखा गया है। रौद्र नव संवत्सर को चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों वाला संवत माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां का आगमन पालकी और विदाई हाथी पर होगी, जो अच्छी वर्षा और समृद्धि का संकेत है। खास बात यह है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन तिथि क्षय की स्थिति बन रही है। ऐसे में पहली तिथि छोटी होगी।

## *एनएच का दाहिना रूट पदयात्रियों के लिए आरक्षित जिलेभर में 850 जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था*



चैत्र नवरात्र पर्व कल 19 से 27 मार्च तक मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान पैदल यात्री मार्ग एवं वाहनों का मार्ग निर्धारण किया गया है। कलेक्टर के आदेश अनुसार नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश शहर में प्रतिबंधित रहेगा। बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश नवरात्रि पर्व समाप्ति तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पर्व के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में अंजोरा से ठाकुरटोला टोल प्लाजा की तरफ बांयी ओर रायपुर-नागपुर मार्ग पर एवं ठाकुरटोला टोल प्लाजा से रामदरबार की ओर दाहिने तरफ पदयात्रियों के लिए आरक्षित किया गया है एवं वाहनों के आवागमन के लिए वन-वे कर सभी वाहनों को एक ही तरफ अंजोरा से ठाकुरटोला टोल प्लाजा तक दाहिने तरफ और ठाकुरटोला टोल प्लाजा से सीआईटी चौक तक बांई और विपरीत दिशा में चलाया जाएगा। नवरात्रि पर्व के दौरान अनावश्यक ट्रैफिक से बचने के लिए गुंडरदेही-बालोद तरफ से आने वाले वाहन चालक अर्जुंदा-सुरगी रोड होते हुए राजनांदगांव बाईपास रोड का उपयोग करेंगे। रायपुर-दुर्ग-धमधा तरफ से आने वाले वाहन चालक आवश्यकतानुसार रसमड़ा, नगपुरा, घुमका रोड़ होते हुए तिलई रोड का उपयोग करेंगे और खैरागढ़ तरफ से नागपुर तरफ जाने वाले वाहन चालक खैरागढ़ से या ठेलकाडीह से मोहरा, ढारा, डोंगरगढ़, चिचोला होते हुए चिचोला रोड का उपयोग करेंगे।

### आला अफसरों की भी रहेगी तैनाती

नवरात्र को देखते हुए प्रदेशभर से कुल 850 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी डोंगरगढ़ क्षेत्र में तैनात की गई है। इस अवसर पर समस्त बल को आगामी 10 दिनों की ड्यूटी हेतु एसपी अंकिता शर्मा, प्रशांत कत्लम कमांडेंट दसवी बटालियन, एएसपी कीर्तन राठौर द्वारा विधिवत ब्रीफ किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए चार जोन बांटकर काम किया जा रहा है। इसके अलावा किसी भी आकस्मिक स्थिति से त्वरित निपटारे हेतु क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है, जो सतत सक्रिय रहेगी। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशन, बाहरी आगंतुकों की आवाजाही एवं संभावित बाहरी गिरोहों की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सशक्त विशेष अपराध नियंत्रण टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार निगरानी एवं गश्त कर रही हैं।

### बम्लेश्वरी मंदिर से उतरने के लिए अलग रूट

इस बार मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के उतरने के लिए अलग से रूट की व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि चढ़ने के दौरान जिग-जैग प्रणाली का उपयोग भीड़ को नियंत्रण करने के लिए किया जाएगा। वहीं उतरने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूट अलग से तय कर दिया गया है। वहीं ऊपर और नीचे मंदिर मिलाकर लगभग 9 हजार मनोकामना ज्योत रखी जाएगी।

### मेले में दिखेगी सिलेंडर की कमी का असर

ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के चलते देशभर में कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी देखने को मिल रही है। जिले में कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई भी बुधवार से पहले तक बंद कर दी गई थी। ऐसे में इसका असर डोंगरगढ़ के मेले में देखने को मिल सकता है। बताया गया कि मेले में दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों को सिलेंडर नहीं मिलने की आशंका के कारण दुकानों की रौनक कम रह सकती है।

### *26 को अष्टमी*

*ज्योतिषाचार्य के अनुसार 18 मार्च को अमावस्या प्रातः 7:30 बजे से प्रारंभ होगी, जो 19 मार्च को सुबह 6.40 बजे तक रहेगी। 19 मार्च को प्रतिपदा संध्या 5.24 बजे तक रहेगी। इस नवरात्र में कई पुण्यकारी और शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जो व्रत करने वालों के लिए सर्वोत्तम और शुभ फलदायी होगा। 26 मार्च को महाअष्टमी का व्रत रखा जाएगा। 27 मार्च को महानवमी मनाई जाएगी।*

### *सभी मंदिरों में ज्योत*

*इधर पाताल भैरवी मंदिर में भी नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया कि मंदिर में इस चैत्र नवरात्र लगभग 2100 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। ऐसे ही शीतला माता मंदिर में भी 17 सौ से अधिक मनोकामना ज्योत की बुकिंग हो चुकी है। बस स्टैंड स्थित मां काली माई मंदिर में भी सात सौ के करीब मनोकामना ज्योत की तैयारी की जा चुकी है।*

**हर दिन नए-नए संयोग:** 19 मार्च : स्नान दान की अमावस्या तथा प्रतिपदा तिथि, शुक्ल योग माता शैल पुत्री का ध्यान, 20 मार्च : द्वितीया तिथि रेवती नक्षत्र, ब्रह्म योग। ब्रह्मचारिणी माता का ध्यान, 21 मार्च : तृतीय अश्विनी नक्षत्र, ऐंद्र योग, मां चंद्रघंटा की पूजा, 22 मार्च : चतुर्थी भरणी नक्षत्र, रवि योग, माता कूष्मांडा का ध्यान, 23 मार्च : पंचमी कृतिका नक्षत्र, रवि योग, स्कंद माता की पूजा, 24 मार्च : षष्ठी रोहिणी नक्षत्र, प्रीति व रवि योग, मां कात्यायनी की पूजा, 25 मार्च : सप्तमी, मृगशिरा नक्षत्र, आयुष्मान, माता कालरात्रि का ध्यान, 26 मार्च : अष्टमी तिथि, अनुराधा नक्षत्र, शोभन योग, महागौरी माता का ध्यान, 27 मार्च : नवमी, पुनर्वसु नक्षत्र, संध्या से पुष्य नक्षत्र 5: 08 बजे से, रवि योग, यायीजय, सर्वार्थ सिद्धि योग, माता सिद्धिदात्री की पूजा होगी।

## प्रताड़ित कर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मारपीट एवं प्रताड़ना करने से महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मर्ग जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मामले में महिला ने हताश होकर 28 नवंबर 2024 को जहर सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। महिला सविताबाई निषाद अपने पति पुरूषोत्तम निषाद द्वारा रोज-रोज लड़ाई-झगड़ा से परेशान होकर जीवन जीने की इच्छा समाप्त होने से अपने घर में जहर पीकर अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत हो गई।

**परिवार व पड़ोसियों का लिया बयान**

पुलिस के अनुसार थाना डोंगरगांव मर्ग की जांच के दौरान यह सामने आया कि मृतिका को उसका पति पुरुषोत्तम निषाद आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। घटना के संबंध में मृतिका की बेटियों ने भी बयान में पिता द्वारा की जा रही मारपीट की पुष्टि की। वहीं पड़ोसियों के बयान, एफएसएल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी प्रताड़ना के तथ्य पुष्ट हुए।

### तंग आकर जहर सेवन

पुलिस के अनुसार थाना डोंगरगांव की टीम ने कार्रवाई करते आरोपी पति पुरुषोत्तम निषाद को 17 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। मृतिका सविता निषाद शारीरिक रूप से अशक्त थी व चार बेटियों में से कोई साथ नहीं रहने व पति के प्रताड़ना से तंग आकर जहर सेवन कर लिया। थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार एवं निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मर्ग जांच के आधार पर धारा 108 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। इस पूरी विवेचना में पुलिस टीम के साथ संदीप देशमुख की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**बेचना है।**
मारूति सुजुकी आल्टो मॉडल- 2016 शानदार कंडीशन में।
फिक्स रेट 2 लाख 10 हजार
संपर्क करें- Mo. 7987124123

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**
50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।
- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**
12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।
- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

# हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकली सनातन एकता यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या शहर के बालाजी हनुमान मंदिर गंज चौक से भव्य सनातन एकता शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में लगभग 1000 फीट के तिरंगे को थामकर चल रहे सनातनियों ने राष्ट्र एकता का संदेश दिया। शोभायात्रा शहर के सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस बालाजी हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई।

हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकली शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। इस दौरान सनातन धर्म महासभा द्वारा भव्य झांकी भी बनाई गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी शामिल हुए। शहर में निकली इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और प्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, अनूप श्रीवास, सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, शिव वर्मा, शैंकी बग्गा, प्रज्ञा गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्म के लोग शामिल हुए।

### तिरंगे के साथ यात्रा

शोभायात्रा के आयोजन को लेकर सनातन महासभा के संतोष पटाक और संजय अग्रवाल ने बताया कि सनातन महासभा सेवा परिवार द्वारा यह शोभायात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा 1000 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य सभी सनातनियों को एकजुट कर जात-पात खत्म करते हुए सभी हिंदू भाई-भाई का संदेश दिया जा रहा है।

### नववर्ष तिथि का पौराणिक महत्व

हिंदू नववर्ष को लेकर मिथिलाधाम गणेश मंदिर समिति के संरक्षक अशोक चौधरी ने कहा कि यह पौराणिक तिथि है। आज के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। आज के दिन ही भगवान रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था और आज के दिन ही धर्मराज युधिष्ठिर को गद्दी पर बैठाया गया था। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। चैत्र शुक्ल पक्ष में पुराने पत्ते झड़कर नए पत्ते आते हैं।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी | inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज
Presents
जिला संवाद 2026



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक) हरिभूमि, आईएनएच

जिला संवाद 2026
छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष
पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन

कार्यक्रम विवरण
दिनांक : 22 मार्च 2026, रविवार, समय : सुबह 11 बजे से
कार्यक्रम स्थल : शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय, चौकी जिला-मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी (छ.ग.)

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकास को सुनिश्चित करेगी

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, बेमौसम बारिश के संकेत

## अंचल के अधिकतम तापमान में भी गिरावट की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंचल में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। जिसके चलते जहां अंचल में बेमौसम बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं अधिकतम तापमान में भी इस दौरान गिरावट के संकेत दिए गए हैं। जिसके चलते लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर पर अक्ष के साथ 80 डिग्री पूर्व और 22 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 18 मार्च को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले 4 दिनों में चार डिग्री के आसपास गिरावट संभावित है। ओला वृष्टि मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले संभावित है। इधर अंचल में बढ़ते तापमान के बीच पश्चिमी विक्षोभ से राहत मिलने की संभावना है। बताया गया कि प्रदेश के सबसे गर्म इलाकों में राजनांदगांव जिला बना हुआ है, हालांकि अगले तीन से चार दिनों में तापमान के नीचे आने के संकेत है। जिसके बाद दिन के साथ ही रात को भी राहत मिलेगी।

### जिले के लिए येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के करीबन दर्जनभर जिलों में बेमौसम बारिश के साथ ही तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया था। इसमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी जिले के साथ ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का नाम भी शामिल है, जहां बारिश का अलर्ट है।

### 38 से 35 जा पहुंचेगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान मंगलवार को 38 डिग्री पर रहा। अगले कुछ दिनों में इसमें 3 से 4 डिग्री की गिरावट संभव है। मौसम विभाग के अनुसार 23 मार्च तक अंचल का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। जिससे गर्मी से कुछ राहत लोगों को जरूर मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### आज जलेंगे आस्था के जोत



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के देवी मंदिरों में कल बुधवार से चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास से मनाया जाएगा। सभी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया जाएगा। नर्मदा मंदिर में बुधवार संध्या समय घट स्थापना कर जोत प्रज्जलित किया जाएगा। इसी प्रकार सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली, चोरड़ाधाम, पैलीमेटा स्थित अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर में जोत कल से जगमगाएंगे। कुछ घरों में भी जोत जवारा प्रज्जवलित किया जाएगा।

### 31 का होगा निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार

**मोहला।** अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुधार हेतु एक सराहनीय पहल की गई। योजना के तहत सोमवार को 31 चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार के लिए एम्स रायपुर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसआर मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस दौरान डॉ. गिरीश खोबरागड़े, डॉ. आरआर धुर्वे उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार तथा मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### नवोदय में सेजल का चयन



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला मुजगहन की छात्रा सेजल सिन्हा पिता नरेंद्र कुमार सिन्हा का नवोदय विद्यालय हेतु चयन हुआ है। परिणाम आने के बाद शाला परिवार ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक चंदूलाल सोनकर, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मिथलेश साहू, शिक्षक हेमकुमार भुआर्य, देवेशकुमार, प्रमोद साहू, ललिता साहू , नूतन यादव, नरेंद्र सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**छुरिया।** दतरेगा के शीतला पारा में 6.50 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, कुमार साय साहू, नैनसिंह पटेल, शंकुन बडोले तथा सरपंच बिसरू राम कंवर थे। स्वागत और लोकार्पण के बाद श्रीमती वैष्णव ने कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्यों से सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। अध्यक्षता कर रहे श्री सिन्हा ने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उदयराम कंवर, राम गुलाब विश्वकर्मा, ताजु राम कंवर, नरोत्तम साहू, रेवाराम साहू, ताराचंद, मुकेश निषाद, जिराखन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### जंगलों में अवैध कटाई

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र के कन्हारगांव, कलकसा, करवारी क्षेत्र से अवैध खनन के साथ अवैध कटाई की जानकारी मिली है। प्रातः 5 बजे से संडी नाला के आसपास लगभग 8 से 10 वाहनों से रेत की निकासी की जा रही है। वही जंगलो से मुरूम भी निकाला जा रहा है। क्षेत्र में संचालित लगभग 20 ईंट भटठों ने जंगल की लकड़ी खपाया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद एसडीओ पुर्णिमा साहू ने कार्यवाही करने की बात कही थी किन्तु 3 दिन बाद भी खनन और कटाई चालू है।

### अवैध लोक सेवा केंद्र का संचालन

**डोंगरगढ़।** नगर में संचालित लोक सेवा केंद्र इन दिनों अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। यहां मापदंडों की लगातार अनदेखी की जा रही है। डोंगरगढ़ में लोक सेवा केंद्र की केवल 2 आईडी स्वीकृत हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति बिल्कुल उलट है। जानकारी के अनुसार यहां 5 से 7 लोग नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं।एक संचालक कभी उपस्थित नहीं होता और आईडी को किसी अन्य को देकर कार्य करवा रहा है। इसी प्रकार एक अन्य डोंगरगांव तहसील से आकर जमा बैठा है। यह बाहरी संचालक कई अन्य बाहरी व्यक्तियों से अवैध रूप से कार्य करवा रहा है जिसके चलते वैध संचालकों को नुकसान हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिसके पास लोक सेवा केंद्र है, उसे आधार सेवा केंद्र नहीं दिया जाना चाहिए, इसके बावजूद जिले का एकमात्र ऐसा शहर है जहाँ यह नियम लागू नहीं किया गया।

## तकरीबन 3 हजार बेटियों को लगेगा वैक्सीन

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार में इस वैक्सीन की एक डोज़ की कीमत करीब 3 हजार रुपये है, जिसे शासन द्वारा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन ने जानकारी दी कि एचपीवी वायरस के संक्रमण से गर्भाशय मुख (सर्विक्स) में कैंसर का खतरा रहता है और यह टीका उससे बचाव में प्रभावी है। मितानिनों के सहयोग से बालिकाओं का पंजीयन कर उन्हें जागरूक किया गया और टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, समाजसेवी मंगल सारथी, सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. बोधन, डॉ. आकाश सोनी सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।




### 14 को डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिला अस्पताल में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 3 डायलिसिस मशीनों का अवलोकन भी किया गया। वर्तमान में 14 मरीज नियमित रूप से निःशुल्क डायलिसिस सुविधा का लाभ ले रहे हैं, जबकि पिछले माह कुल 127 डायलिसिस सत्र संचालित किए गए। जरूरत के अनुसार मरीजों को सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस दिया जाता है और अधिक मरीज होने पर रविवार को भी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अस्पताल में उपलब्ध यह सुविधा गंभीर मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। एक ओर जहां सरकार बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर डायलिसिस जैसी महंगी चिकित्सा सेवा को निःशुल्क उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।

## नमाज अदा कर लौट रहे व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर के वार्ड 12 निवासी और वेल्डिंग व्यवसायी मोहम्मद इरफान अली का मंगलवार रात एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। रमजान के पवित्र माह में इबादत के बाद घटी इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच मोहम्मद इरफान अली नमाज अदा करने के बाद अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान जा रहे थे, तभी जिला मुख्यालय रोड की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर से इरफान अली के सिर पर गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर तड़पने लगे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें निजी वाहन से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कवर्धा रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक अपने पीछे तीन बेटे इमरान अली, आसिफ अली और आदिल अली का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। दोपहर 2 बजे कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, मित्र आदि शामिल हुए। मोहल्ले वासियों ने बताया कि वह बेहद मिलनसार और नेक दिल इंसान थे। वेल्डिंग व्यवसाय में उनकी कुशलता और उनके मधुर व्यवहार के कारण नगर में उनकी एक अलग पहचान थी।

## नपं अध्यक्ष ने पेश किया उपलब्धियों का लेखा

### स्वच्छता, पेयजल एवं सुविधा विस्तार के उल्लेखनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर किए गए कार्यो एवं उपलब्धियो को सामने रखा। नई परिशद ने वित्तीय सत्र 25-26 में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार तथा पेयजल, स्वच्छता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत की कार्यकारिणी 17 मार्च 25 को अस्तित्व में आई थी। नगर पंचायत के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपनी उपलब धियों को पेश किया। उन्होंने कहा कि नई परिषद के समक्ष कई चुनौतिया थी जिसे प्रशासन के सहयोग सामना कर जनता की अपेक्षा को पूरा करने का प्रयास किया गया।

#### स्वच्छता रैकिंग में सुधार का प्रयास



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर में सफाई कार्य में सुधार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। नगरवासियों के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए एक वर्ष से निरंतर श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। वहीं व्यवसायिक एवं घरेलू सेक्टर में डस्टबीन वितरित कर स्वच्छता मिशन को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि बीते एक साल में नगर की तस्वीर काफी हद तक बदली है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की मौजूदा कार्यकारिणी जनता की अपेक्षाओं के अनुरुप काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध और प्रयासरत है। आने वाले समय में विकास को गति दिया जाएगा।

#### विकास के लिए करोडों की मंजूरी

नगर अध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से दो करोड़ प्राप्त हुए है। इसके अलावा करोडों की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण प्रगति पर है। अटल परिसर को पूर्ण कराया गया। मुक्तिधाम उन्नयन के लिए 25 लाख की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डों में सडक, नाली एवं सौदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

#### बीस किमी पाईप लाइन का विस्तार

उन्होंने बताया कि पहली प्राथमिकता लोगो को पीने का पानी पिलाना था इसलिए इस दिशा में काफी काम किया गया। नगर में जल आवर्धन योजना अंतर्गत बीस किमी पाईप लाईन बिछाया गया। इसके अलावा डब्लूटीपी एवं इटेकवेल से जुडे कार्यो में भी काफी प्रगति आई। इसके अतिरिक्त पानी की समस्या के निराकरण के लिए मेरेगांव, कान्हे, परमेश्वरी नगर, बजरंग चौक, गांधी चौक, पटेल पारा सहित अन्य कई स्थानो मे बोर कराया गया। पाईप लाईन से जोड़कर पानी लोगों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

#### करोडों की मिली जमीन

अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि निकाय को करोडो की जमीन शासन से मिली है। शिवनाथ मुक्तिधाम के समीप एसटीपी निर्माण के लिए एक एकड एवं साप्ताहिक बाजार स्थल से कान्हे जाने वाले मार्ग में रजिया पटवा घर के समीप एसटीपी निर्माण के लिए आधा एकड जमीन, बस स्टैन्ड में करोडो की लागत वाली लगभग आधा एकड, नए बस स्टैंड में सड़क निर्माण के लिए लगभग 25 डिसमिल जमीन प्राप्त हुई है।

## खस्ताहाल सड़क को लेकर 25 को चक्काजाम की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने आगामी 25 मार्च को डोंगरगांव- छुरिया मार्ग पर बम्हनीभांठा मोड़ के पास चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अंचल की जर्जर सड़कों से ग्रामवासी काफी परेशान है।रोड पर जगह-जगह गढढे हो गए है। सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर चर्चा किया गया किन्तु हर यही कहा गया कि निर्माण कार्य में टेंडर नहीं हुआ है। शासन से प्राप्त निर्देश पर टेंडर प्रक्रिया पुनः किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने तेन्दूनाला से कोकपुर तक डामरीकरण एवं चौड़कीकरण, आसरा से जंतर तक डामरीकरण एवं चौडकीकरण, तिलईरवार से अड़ाम तक डामरीकरण एवं चौड़कीकरण, आसरा से जरहामहका तक डामरीकरण की मांग की है।

## सोसायटी खोलने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कुरूभाठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने के आदेश के विरोध में राका, मुड़पार, बधियाटोला, छिरपानी के किसानों ने कलेक्टरेट पहुंचकर मांग पत्र सौंपा है। इसे लेकर किसान दो बार बधियाटोला-मुरमुंदा मार्ग पर चक्काजाम कर चुके है। प्रशासन को कई बार मांग पत्र सौंपा गया है, परंतु अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। किसानों ने अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा से मिलकर चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पूर्व में राका में सोसायटी खोले जाने हेतु आदेश हुआ था, परंतु ग्राम राका के स्थान पर अब कुरूभाठ में सोसायटी खोला जा रहा है। उन्होंने बधियाटोला, छिरपानी, रामनगर या ग्राम राका में नवीन सोसायटी खोलने की मांग किया।

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में तोड़फोड़ नोटिस के बाद कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बस स्टैंड के पास नगर पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक भवन में अवैधानिक तरीके से तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया था जिसकी शिकायत प्रेस क्लब ने पगर पंचायत में किया था। प्रेस क्लब छुईखदान के शिकायत करने के बाद नगर पंचायत ने तत्काल काम को रुकवा कर फोटो ग्राफी कराया था। कार्य रोकने के बाद पर्दा की आड़ करके कार्य बदस्तूर जारी रखने की जानकारी मिली है जिसे लेकर प्रेस क्लब ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा से मिलकर कार्य को रोकने एवं उक्त व्यायसायिक परिसर के ऑनर के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।



#### कलेक्टर से होगी शिकायत

इस संबंध में प्रेस क्लब छुईखदान के सदस्यों ने कलेक्टर से मिलकर कार्यवाही की मांग करने के लिए तैयारी की है। व्यावसायिक परिसर को राजसात करने की कार्यवाही की मांग की जाएगी। ज्ञात हो कि व्यवसायिक परिसर के मुख्य बिम जो छत की भार को संभाले रखता है।उसे तोड़े जाने की खबर है। इस संबंध में आसपास के व्यवसायिक परिसर वाले उक्त परिसर ऑनर के व्यवहार के कारण कुछ बोलने से कतरा रहे है।

#### दुर्घटना होने पर जिम्मेदार कौन?

जानकारी के अनुसार भवन का जो बीम तोड़े जाने को चर्चा है उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त व्यवसायिक परिसर में कभी भी भवन के कमजोर होने पर दुर्घटना ग्रस्त हो सकता है जिसे लेकर आसपास के व्यापारी डरे सहमे है जो कभी भी गुस्सा के रूप फूट सकता है। हैंडओवर नहीं होने के बाद भी मुख्य निर्माण की ऊपरी छत तथा नीचे छत का बीम को तोड़ दिया गया है। लोगों का आरोप है कि उक्त व्यवसायिक परिसर के बीम को हटाने से भवन कमजोर हो गया है, जिससे कभी भी हादसा होने का भय बना हुआ है।

### देवी भागवत 19 से

**राजनांदगांव।** लखोली शीतला मंदिर में सार्वजनिक देवी भागवत का 19 से 27 मार्च तक रखा गया है।

कथा व्यास अंचल के कथा वाचक पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। परायणकर्ता अशोक शर्मा होंगे। आयोजक सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा नं. 412/65 एवं 412/74, रकबा 0.0140-0.0140 हेक्टेयर, स्थित ग्राम कौरिनभाटा, पटवारी हल्का नं. 38, तहसील व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के संबंध में दिनांक 24.06.2025 को विक्रेता द्वारा क्रेता के साथ इकरारनामा (Agreement to Sell) किया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग 3000 वर्गफुट भूमि का विक्रय कुल मूल्य 47,20,000/- में करने का सौदा हुआ था तथा क्रेता द्वारा अग्रिम राशि 4,80,000/- विक्रेता को अदा की जा चुकी है।

अब यह जानकारी में आया है कि विक्रेता उक्त इकरारनामे की शर्तों के विपरीत जाकर उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है तथा क्रेता की अग्रिम राशि को भी हड़पने का प्रयास कर रहा है। अतः सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति विक्रेता से क्रय-विक्रय, इकरारनामा, रजिस्ट्री अथवा किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यवहार करता है तो वह स्वयं के जोखिम व जिम्मेदारी पर करेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी उसी की होगी।

दिनांक :18.03.2026
स्थान : राजनांदगांव (छ.ग.)

अधिवक्ता
अविनाश चंद साहू
कार्यालय : 4/11 ऋषभ नगर
दुर्ग (छत्तीसगढ़)

### श्रद्धा के साथ मनाई गई माता कर्मा की जयंती

# मां कर्मा के आदर्श सभी के लिए प्रेरणास्रोत





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम तिलईरवार में भक्त कर्मा माता की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिक जनों ने शामिल कर अपनी आस्था प्रकट किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने माता कर्मा के जीवन, भक्ति, सेवा और त्याग को याद करते हुए उनके आदर्शों को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। श्री गांधी ने कहा कि भक्त कर्मा माता ने अपनी अटूट भक्ति, सादगी और समर्पण के माध्यम से समाज को सेवा, श्रद्धा और मानवता का संदेश दिया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि सच्ची निष्ठा और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु ने भक्त माता कर्मा को स्मरण और नमन किया। जनपद अध्यक्ष रंजिता पटौती, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सामाजिकजनों का सम्मान किया गया।इस दौरान सरपंच नंदिता कुंजाम, बेलस साहू, मोरध्वज चन्द्रवंशी, कांती चन्द्रवंशी, शेखर अग्रवाल, मूलचंद साहू, रामदुलारी साहु, बिसभंर साहू, श्यामलाल, शेखु साहु, कृष्णा साहु, कृष्णा साहु, रामजी साहु, गोकुल साहु, दिलीप साहु, थंगेश्वर कुमार साहु, योगेन्द्र साहु, लेखराम साहु, सीमा साहु, किरण साहु सहित अन्य उपस्थित थे।

#### झंडातालाव में निकली शोभायात्रा

**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज रामाटोला ने झंडातलाव में धूमधाम से कर्मा जयंती का आयोजन किया। आयोजन के पूर्व कलश यात्रा निकाल कर गाँव का भ्रमण किया गया। आयोजन स्थल पर माँ कर्मा की आरती किया गया।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि भक्त कर्मा की जीवनी से समाज को भक्ति और शक्ति से जीवन जीने की कला सिखाती है। समाज की असमानताएं चिंता का विषय है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू थी। अध्यक्षता गिरवर साहू ने की। कार्यक्रम में प्रशांत कोडापे, नीलमणि साहू, नोबल साहू, कमलेश साहू, रामाधीन साहू, अश्वनी साहू, मीणा साहू, उमा साहू, बीरेंद्र साहू, नागराज, प्रभा साहू, सीता साहू, उत्तम साहू, खिलेश्वर साहू, खिलावन साहू सहित अन्य शामिल हुए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती लता अजय सिन्हा
अध्यक्ष, जनपद पंचायत डोंगरगढ़
चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हरीश भंडारी
अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगढ़
चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बिरेन्द्र सोनी
प्रदेश मंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा
चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
देवेन्द्र साहू
अध्यक्ष, नगर पंचायत लालबहादूर नगर, डोंगरगढ़
चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौमित्र सोनी
युवा भाजपा नेता, डोंगरगढ़
चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रशांत कोड़ापे
सभापति, जिला पंचायत राजनांदगांव
चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती पूर्णिमा राजपूत
एसडीओ, उपवन मंडल डोंगरगढ़
चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. विनोद खांडेकर
पूर्व विधायक डोंगरगढ़
राजपूत हार्डवेयर एवं ट्रांसपोर्ट कंपनी
बाबा कुटी रानीतालाब चिचोला राजनांदगांव

## सार समाचार

### तेज गति वाहन ने गाय को कुचला

**खड़गांव।** क्षेत्र में इन दिनों गायों को बड़े वाहनों द्वारा कुचला जा रहा है। गत 17 मार्च की रात्रि को आवापल्ली से रायपुर जा रही गाड़ी ने गाय के पैर को कुचल दिया। घटना के बाद चालक भाग गया। व्यापारी संघ के सदस्यों सहित ग्राम पंचायत के ग्राम सेवक टीकम ने घायल गाय को हटाया। आमजनों और व्यापारी संघ के सदस्यों ने बताया कि आवापल्ली से रायपुर जाने वाले वाहन काफी तेज गति से गुजरते है जिसके कारण मवेशी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। आए दिन हो रहे हादसों को देखते हुए सड़क पर ब्रेकर बनाना आवश्यक हो गया है। लोगों ने बताया कि रोड़ निर्माण के बाद बड़ी गाड़ियां काफी तेज गति से गुजरती है। वहीं कुछ चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते है जिससे भी दुर्घटना हो रही है। संतोष पटवा, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मण सोनकर, टीकम, लीला, विजय आदि ने ब्रेकर बनाने की मांग की है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी से 9 बल्क लीटर देशी शराब एवं एक एक्टिवा वाहन जप्त किया गया है। 1 गिरफ्तार आरोपी राधेश्याम निषाद पिता मोहन निषाद बुधवारीपारा निवासी है जिसे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने 17 मार्च को गिरफ्तार किया। अछोली नाला पुलिया के पास आरोपी राधेश्याम निषाद के कब्जे से 50 पौवा देशी शराब बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### घेराव में शामिल हुए विष्णु लोधी



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को विधानसभा घेराव आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान श्री लोधी ने बढ़ती महंगाई, मनरेगा, बेरोजगारी, बिजली बिल, अफीम के अवैध कारोबार, गैस की किल्लत, किसानों की समस्याओं आदि विभिन्न मुद्दों को उठाया। आंदोलन में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विपिन यादव, जितेन्द्र मुदलियार, संतोष पिल्ले, कुलबीर छबड़ा,रमेश डाकलिया, पदम कोटारी, राहुल तिवारी, पंकज बांधव, हरीश भंडारी, टीकेश साहू, जितेन्द्र सिंह भाटिया, पंचराम चंदेल, नरेश उइके, प्रताप धावड़े, धर्मेंद्र साहू, मतीन खान, दशरथ, फत्तू वर्मा, पारस टांडेकर, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, संजय यादव, गनपत रजत, नरेश करसे सहित अन्य शामिल हुए।

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की पहल

**मोहला।** जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ गत दिनों कलेक्टर तुलिका प्रजापति की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में किया गया। इस दौरान सीएमएचओ एसआर मांडवी उपस्थित थे। इस मौके पर विशेषज्ञों ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। इस अभियान का उद्देश्य जिले की अधिक से अधिक किशोरियों को टीकाकरण के माध्यम से सुरक्षित करना है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि यह अभियान सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में यह टीका लगभग 4000 में उपलब्ध है, जबकि शासकीय संस्थानों में निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### बलिदान दिवस को भव्य बनाने का आह्वान



**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव जिला लोधी समाज की खैरागढ़ में आयोजित बैठक में आगामी 22 मार्च को सेमरिया में आयोजित होने वाले अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सामाजिकजनों को पारित निर्णयों एवं कार्यक्रम के लिए निर्धारित सहयोग राशि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया गया। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया। बैठक में तीरथ चंदेल, जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, नंदकुमार चंदेल, लखन जंघेल, स्वरूप वर्मा, महेश्वर जंघेल, अशोक जंघेल, बालमुकुंद वर्मा, ओमकार लिल्हारे, उत्तम वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा, चेतन वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, डेराराम वर्मा, भागवत वर्मा, प्रकाश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, विश्राम वर्मा आदि मौजूद थे।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा आज से



**राजनांदगांव।** बासंतीय नवरात्र पर नवागांव (मेढा) डोंगरगढ़ में आगामी 19 मार्च से संगीतमय श्रीमद देवी भागवत का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा होगा। अंचल के ख्यातिप्राप्त कथाकार पं. मनोज शर्मा भंडारपुर वाले होंगे। 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा के कथारंभ होगा। शीतला मंदिर परिसर में कथा दोपहर 01 बजे शाम 05 तक होगी। देवी भागवत कथा 27 मार्च तक रहेगा। जिसमें नवमी पूजा, गीता, पुष्प वर्षा, भंडारा के साथ कथा विराम होगा। यह जानकारी सरपंच मदन देवांगन ने दी।

### होली मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव परिक्षेत्र में 17 मार्च को ड्योढीपार सेन समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष बेनीमाधव सेन, सचिव व प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ स्वप्नल श्रीवास, कोषाध्यक्ष रवि सेन, संरक्षक अशोक सेन, गणेश कौशिक, शुभम भार्गव, देवशरण सेन, धन्नूलाल सेन, कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन सेन, रोशन सेन, श्याम सेन, नंदू कौशिक, कलेश्वर सेन, खलेन्द्र सेन, बहल सेन, गैंदलाल सेन, लोकेश सेन, लिलार सिंह सेन, सुधीर कौशिक, गौकरन सेन व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी चालानी कार्रवाई

### अवैध परिवहन रोकने छोटी सड़कों पर बनेगा चेक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी छोटी सड़कों का चिन्हांकन किया जाए, जहां अवैध रूप से बड़े एवं भारी वाहनों के आवागमन तथा परिवहन की संभावना बनी रहती है। उन्होंने इन मार्गों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे और गार्डर अथवा बैरियर लगाए जाएं, ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इससे सड़कों की गुणवत्ता बनी रहेगी और ग्रामीणों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




#### मृत्यु दर में कमी लाने कार्य करने की आवश्यकता

कलेक्टर श्री यादव ने चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थलों में किए गए आवश्यक सुधार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। दुर्घटनाजन्य स्थानों में स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड, हाईमास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए नागरिकों को जागरूक करना आवश्यक है तथा सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए तथा हेलमेट नहीं लगाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने कहा। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों के सड़क किनारे नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की नियमित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### घायल का तत्काल इलाज

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि भारत सरकार की पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों को तत्काल एवं कैशलेस ईलाज की सुविधा दी जा रही है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए तक का कैशलेस उपचार पंजीकृत सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## पीएम आवास योजना के कार्यों को पूरा कराने विशेष महाभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ जनपद सीईओ पहुंचे पीएम आवास कार्यों का जायजा लेने

कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जनपद सीईओ श्रीमती केश्वरी देवांगन ने विकासखंड छुईखदान में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को पूर्ण कराने ग्राम पंचायत कृतबांस, कटंगी, देवपुरा ग. का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली तथा आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आगामी 3 दिवस में विकासखंड छुईखदान में लगभग 200 आवासों को पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए अब अधिकारी/कर्मचारी जमीनी स्तर पर जाकर अभियान चलाकर निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करा रहे हैं।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कॉलेज के पूर्व छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में गत दिनों समारोह आयोजित कर भूतपूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। यह आयोजन एलुमनी संगठन ने किया था जिसमें प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती संरक्षक के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में डॉ आरएन सिंह, डॉ एचएस भाटिया, डॉ दिनेश नामदेव, अधिवक्ता मुख्तार अहमद कुरैशी, गोपाल अग्रवाल, डॉ. बेबी नंदा मेश्राम, ललित किशोर नारंग, सुनील जैन, रमन डोंगरे आदि शामिल हुए। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं रजत पदक प्रदान करने भूतपूर्व छात्रों ने सहयोग दिया। इसी क्रम में मुसरा हाईस्कूल के प्राचार्य के. रघुनाथ ने 20 हजार, हेमचंद यादव विवि दुर्ग के खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने 11 हजार, ललित किशोर नारंग ने मेडल, डॉ आरएन सिंह एवं डॉ. बेबी नंदा मेश्राम ने 20-20 हजार, डॉ केके वर्मा ने 10 हजार की राशि प्रदान किया।



#### अनुभव किया साझा

भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया। आयोजन में रमन डोंगरे, विपुल अग्रवाल, दविंदरसिंह भाटिया, उषा किरण शाह, रोहित वाल्दे, प्रफुल चावड़ा तथा योद्धा सिंह राठौड़ ने सहयोग दिया। संयोजक डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने रूपरेखा प्रस्तुत किया। अंत में ओर सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में घम्मन साहू को जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राष्ट्रीय नेतृत्व के परामर्श से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों व स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की है।

सूची में 84 नेताओं को कार्यसमिति सदस्य और 28 वरिष्ठ नेताओं को स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। सूची में जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा नेता घम्मन साहू को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन और समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले घम्मन साहू को लंबे समय से सक्रिय संगठनात्मक कार्य के लिए जाना जाता है। श्री साहू इससे पूर्व भाजपा के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क ने उन्हें जिले के प्रभावशाली नेताओं में शामिल किया है।

#### समाज में है अच्छी पकड़

पूर्व जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके घम्मन साहू को सत्ता और संगठन दोनों का अनुभव है। विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के लिए सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश की राजनीति में प्रभावशाली सामाजिक वर्ग साहू समाज में मजबूत पकड़ मानी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके प्रदेश कार्यसमिति में आने से पार्टी को सामाजिक और संगठनात्मक दोनों स्तरों पर मजबूती मिलेगी। जिले के वरिष्ठ नेता को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है। भाजपा पदाधिकारियों ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए घम्मन साहू को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति केवल एक पद नहीं बल्कि सालो से संगठन के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान है। घम्मन साहू के अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।

## चारागाह की जमीन पर मल्टीफ्लेक्स का निर्माण, प्रशासन से की शिकायत

■ नियमों के विपरीत अनुज्ञा दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नंदई-मोहारा रोड स्थित चारागाह की जमीन पर मल्टीप्लेक्स के निर्माण का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। इसी सप्ताह इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही है। एसडीएम द्वारा की गई जांच में खामियां पाई गई है। टाउन प्लानिंग एवं नगर निगम ने नियमों के विपरीत जाकर अनुज्ञा दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दमयंती मंडल अधिवक्ता रायपुर की शिकायत पर कमिश्नर दुर्ग के निर्देश पर एसडीएम राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन प्रक्रियागत त्रुटियां है। जांच के दौरान महत्वपूर्ण तथ्यों अभिलेख पर समुचित विचार नहीं किया गया। जिसके कारण निष्कर्ष गलत एवं पक्षकार के लिए अन्यायपूर्ण है। एसडीएम के प्रतिवेदन में कहा गया है कि नंदई-मोहरा मार्ग की चौड़ाई 30 मी. निर्दिष्ट है। जबकि तत्कालीन उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा मार्ग की चौड़ाई 45 मी. दर्शाते हुए अनुज्ञा जारी की गई है। जिसका अधिकार उन्हें प्राप्त नहीं है। तत्कालीन उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव द्वारा स्वयं ही राज्य सरकार की शक्तियों की अवधारणा करते विकास योजना के मार्ग की चौड़ाई में हेरफेर करते मल्टीप्लेक्स हेतु त्रुटिपूर्ण विकास अनुज्ञा जारी कर दी गई, जो अनुचित है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मल्टीप्लेक्स के स्वामी को उपयोग हेतु जो भूमि प्रदान की गई है, वह वैधानिक है। पहुंच मार्ग उपलब्ध न होने के बावजूद भी अनुज्ञा प्रदान कर दी गई है।

## झूलेलाल जयंती, महिला शक्ति की निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेट्रीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष में झूलेलाल जयंती से पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली शहर के लालबाग स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुई चौखड़ियापारा स्थित झूलेलाल नगर के सामाजिक भवन में पहुंचकर संपन्न हुई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई।

झूलेलाल जयंती से पूर्व संध्या पर समाज की महिला शक्तियों द्वारा मोटर साइकिल रैली निकाली गई। झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार देर शाम चौखड़ियापारा स्थित झूलेलाल नगर में सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई।



#### महिलाओं में उत्साह

रैली के आयोजन को लेकर चांदनी तालरेजा, सरिता भोजवानी, पूजा रूचंदानी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि यह महिलाओं की रैली का तीसरा वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर सभी महिलाओं में खासा उत्साह रहता है। इस दौरान भगवान झूलेलाल की वेशभूषा में भी महिलाएं शामिल होती है।

#### जयंती पर विविध आयोजन

सिंधी समाज द्वारा 20 मार्च को झूलेलाल जयंती मनाई जा रही है। झूलेलाल जयंती को लेकर शहर के लालबाग को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। इस दिन शहर के लालबाग क्षेत्र के भगवान झूलेलाल घाट पर विभिन्न धार्मिक आयोजन सहित प्रसादी का वितरण होगा। इस आयोजन में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

### कलेक्टर ने बेंगुलरू में करवाया इलाज

# चिरायु से मिला अयांश को नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया जा रहा है। साथ ही गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का जिला एवं राज्य तथा राज्य के बाहर आवश्यकता अनुसार निःशुल्क ईलाज कराया जाता है। चिरायु दल को घुमका विकासखंड के भ्रमण के दौरान जन्मजात कैटेगीरी-ए का हृदय रोग से पीड़ित अयांश मिला। चिकित्सकों को बच्चे के प्राथमिक जांच में हृदय रोग से पीड़ित होने का संदेह होने पर उसे उच्च संस्थानों को रेफर किया गया। बच्चे के स्वास्थ्य जांच में ज्टेट्रालॉजी ऑफ फैलोटज नामक गंभीर हृदय रोग से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। जिसका समय पर ईलाज जरूरी था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते बच्चे के उपचार के लिए मिशन मोड में कार्य किया गया। बच्चे के इलाज के लिए रायपुर से बेंगलुरू तक किए जाने वाले सभी आवश्यक कार्रवाई त्वरित की गई। अयांश को बिना किसी देरी के पहले एमएमआई रायपुर और फिर एम्स रायपुर भेजा गया। बेहतर इलाज सुनिश्चित करने अयांश को बेंगलुरू रेफर किया गया, जहां अनुभवी सर्जनों की देखरेख में उसका ऑपरेशन सफल रहा। उन्होंने बताया कि चिरायु दल द्वारा न केवल अयांश बल्कि, इससे पूर्व मिशिका नामक बच्ची का भी दिल के छेद का ऑपरेशन एमएमआई रायपुर में सफलतापूर्वक संपन्न कराया था।

#### परिवार में खुशी की लहर

अयांश के ईलाज में वैशाली साहू, शकुंतला साहू और किरण साहू ने फील्ड स्तर पर समन्वय और परिवारों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा। जिससे यह मिशन कामयाब हुआ। अयांश का परिवार अब अपने लाडले की सेहत देखकर खुश है। शासन की अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं जीवन रक्षक साबित हो रही है। इस मिशन में चिरायु दल घुमका के डॉ. कुसुम चंद्रा, डॉ. आयुष वतन शर्मा, डॉ. स्नेहा जैन उत्कृष्ट भूमिका रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

विधानसभा में परंपरागत कुटीर उद्योगों के लिए योजनाओं, क्षेत्र में शासकीय विद्यालयों में सुविधाओं व शिक्षकों की उपलब्धता पर प्रश्न

# भावना बोहरा ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की सुविधा और शिक्षकों की कमी का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिला पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश से जुड़े प्रमुख एवं जनहित से जुड़े विषयों को लगातार विधानसभा पटल पर रख रही हैं। आज विधानसभा में उन्होंने स्कूल शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने शासकीय विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, बालिकाओं के लिए शौचालय, शिक्षकों की कमी और छात्र-छात्राओं के मूलभूत सुविधाओं सहित परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों के लिए सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के सन्दर्भ में प्रश्न किया।

विधायक भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि क्या पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की शौचालय विहीन शालाओं को चिन्हांकित कर सूचीबद्ध किया गया है? उक्त शौचालय विहीन शासकीय शालाओं में छात्राओं एवं महिला स्टाफ हेतु शौचालय निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधा की उपलब्धता कब तक सुनिश्चित की जाएगी? जिसके लिखित उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की शौचालय विहीन शालाओं को चिन्हांकित किया गया है, जिसके तहत कवर्धा विकासखंड में 9, सहसपुर लोहरा विकासखंड में 27 और पंडरिया विकासखंड में 129 शासकीय विद्यालयों को चिन्हांकित किया गया है। शौचालय निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधा की उपलब्धता बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति की जाती है।

उन्होंने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की स्थिति के विषय में पूछा कि क्या विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की वर्तमान स्थिति के संबंध में कोई सर्वेक्षण-निरीक्षण कराया गया है? यदि हां, तो उक्त सर्वेक्षण-रिपोर्ट में कितनी ऐसी शासकीय शालाओं का उल्लेख है जो भवन विहीन, जर्जर, अतिजर्जर एवं अन्य भवनों में संचालित हो रही हैं? उक्त भवन विहीन एवं जर्जर शालाओं हेतु नवीन भवन निर्माण अथवा मरम्मत के लिए विभाग द्वारा क्या कोई समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। उक्त हेतु वर्ष 2024 से 15 जनवरी 2026 तक कितनी राशि स्वीकृत की गई है? स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण हो चुके हैं एवं शेष को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की वर्तमान स्थिति के संबंध में कोई सर्वेक्षण या निरिक्षण नहीं कराया गया है इसलिए अन्य प्रश्न उद्भुद नहीं होते। भावना बोहरा ने परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों हेतु संचालित योजनाओं के विषय में प्रश्न किया कि क्या राज्य सरकार द्वारा परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों (हथकरघा, हस्तशिल्प आदि) के संरक्षण, संवर्धन एवं विपणन हेतु कोई विशेष योजना संचालित की जा रही है? जिले में उक्त योजनाओं के अंतर्गत वर्तमान में कितने हथकरघा-हस्तशिल्प कारीगर एवं कुटीर उद्योग इकाईयां पंजीकृत हैं? जिले में परंपरागत कारीगरों को प्रशिक्षण, डिजाइन उन्नयन एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु पिछले दो वर्षों में कितनी राशि व्यय की गई है? स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों के संरक्षण, संवर्धन एवं विपणन हेतु कोई विशेष योजना संचालित नहीं है, अपितु विभाग अंतर्गत परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों हेतु समग्र हाथकरघा विकास योजना, रिवाल्विंग फण्ड योजना, हाथकरघा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य, हाथकरघा उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु सहायता, बाजार अध्ययन, हाथकरघा बुनकर पुरस्कार योजना, कम्बल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना, टसर रेशम विकास एवं विस्तार योजना, मलबरी रेशम विकास एवं विस्तार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कारीगर प्रशिक्षण योजना, हस्तशिल्प विकास योजनाओं हेतु अनुदान, शिल्पियों को उन्नत औजार उपकरण-कर्मशाला निर्माण सहायता, परम्परागत शिल्पकारों-बेरोजगार युवकों को रोजगार हेतु प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार योजना, हस्तशिल्पियों को कार्यशील पूंजी अनुदान, शिल्पी-शिल्पियों के बच्चों हेतु डिजाईन एवं विकास शिक्षा योजना, प्रदर्शनी प्रचार-प्रसार योजना तथा कुम्भकार टेराकोटा योजना संचालित है। जिले के कवर्धा विकासखण्ड में 01 बुनकर सहकारी समिति, बोड़ला विकासखण्ड में 01 रेशम कृमिपालन समूह एवं 01 कुम्हार, पंडरिया विकासखण्ड में 01 कुम्हार तथा सहसपुर-लोहारा विकासखण्ड में 15 कुम्हार इस प्रकार जिले में कुल 01 बुनकर सहकारी समिति, 01 रेशम कृमिपालन समूह एवं 17 कुम्हार पंजीकृत है। जिले में विगत दो वर्षों में कुम्भकार टेराकोटा योजनांतर्गत सहसपुर-लोहारा विकासखण्ड के 03 कुम्भकारों को निःशुल्क विद्युत चाक वितरण किया गया है, जिसमें कुल राशि रूपए 65 हजार व्यय की गई है।

### जिला में संचालित एकल शिक्षकीय विद्यालय के विषय में किया प्रश्न



जिला में संचालित एकल शिक्षकीय विद्यालय के विषय में भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि जिला कबीरधाम में संचालित एकल शिक्षकीय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है? कबीरधाम जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से प्रभावित कौन-कौन से विद्यालय हैं? जिसके लिखित उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि कबीरधाम जिला अंतर्गत बोड़ला विकासखंड में 9 विद्यालय, पंडरिया विकासखंड में 3 और सहसपुर लोहारा विकासखंड में 2 विद्यालय इस प्रकार कुल 14 एक शिक्षकीय विद्यालय हैं। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिला में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से कुल 276 विद्यालय में प्रभावित हुए हैं जिनकी सूचि उन्होंने उपलब्ध कराई है।

# आरपीएस स्कूल के 11 विद्यार्थी का नवोदय विद्यालय में चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 11 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन बड़े ही गर्व और हर्षोल्लास की बात है, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 11 विद्यार्थी जिसमें सात्वत चन्द्रवंशी, इशांत नेताम, रोमांशु कुर्रे, मुदित बावनकर, सूर्यांश धुर्वे, निशांत होमने, आर्यश चन्द्रवंशी, भावेश कुमार मरकाम, हर्षिता लांझी, दक्ष धुर्वे और अथर्व चन्द्रवंशी ने जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा को उत्तीर्ण कर उसमें चयनित होकर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रौशन किया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष श्री रामकृष्ण स्कूल के छात्र चाहे नीट की परीक्षा हो या जेईई हो या एसएससी की परीक्षा हो हर क्षेत्र में उत्तीर्ण होकर चयनित हो रहे हैं। इस कड़ी में कक्षा पांचवी के बच्चे भी पीछे नहीं हैं। प्रतिवर्ष की तरह श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के लगभग 10-12 छात्र छात्राओं का जवाहर नवोदय के लिए चयनित होते ही हैं। इसका श्रेय भी विद्यालय के कुशल नेतृत्व और प्रतिभानोन्मुखी शिक्षा पद्धति को जाता है। जिसमें बच्चे पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित होते हैं। छात्राओं की इस अप्रितम उपलब्धि पर गौरान्वित होते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम हैं। जो बच्चे बचपन से ही चुनौतियों का सामना करते हैं, वहीं जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल करते है। विद्यालय परिवार ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### वेदांत साहू का नवोदय विद्यालय में चयनित

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सेमरकोना में



संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी वेदांत कुमार साहू का चयन नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के लिए हुआ है। संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव ने बताया कि वेदांत साहू शुरू से ही प्रतिभावान और मेहनती छात्र रहा है। कहते है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। इसी बात को चरितार्थ करते हुए वेदांत ने अपने कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत इस मुकाम को हासिल किया है। उनके इस सफलता से परिजन और विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है अपनी स्कूल का नाम रौशन किया और साथ-साथ अपने मां-बाप का भी नाम रोशन किया उनके इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने वेदांत को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आपीएस स्कूल की छात्रा तनु चंद्रवंशी ने देश का नाम किया रौशन

**हरिभूमि कवर्धा।** श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्रा तनु



चंद्रवंशी ने बॉल बैडमिंटन के पांच देशों की टेस्ट सीरिज की श्रृंखला में इंडिया-थाईलैण्ड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज हेतु बालिका वर्ग में कवर्धा के तनु चंद्रवंशी का चयन हुआ था, जिसमें तनु चंद्रवंशी ने देश का नाम रौशन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तनु चंद्रवंशी ने श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल विद्यालय से ही इनकी बॉल बैडमिंटन में रूचि जागृत हुई। इससे पहले यह बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज भारत और मलेशिया में आयोजित की जा चुकी है, जिसमे कवर्धा से लता साहू पीटीआई श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, क्षमा निधि जांगड़े, पूर्व छात्रा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल एवं बंटी चंद्रवंशी, पूर्व छात्र श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल ने हिस्सा लिया और स्वर्ण पदक हासिल किया था। उसी कड़ी में थाइलैंड टेस्ट सीरिज हेतु उक्त खिलाड़ी तनु चंद्रवंशी का चयन किया गया था। तनु चंद्रवंशी की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा व निदेशक डॉ आदित्य चंद्रवंशी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं

# कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा का संकुल प्राचार्य व समन्वयक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत स्थित संकुल सेमरकोना में उच्च प्राथमिक पात्रता परीक्षा-2026 परीक्षा केंद्र निंगापुर, सेमरकोना में संकुल प्राचार्य संजय वैष्णव, संकुल समन्वयक राजेंद्र खांडे ने कक्षा 8 वीं की परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। प्रश्न पत्र प्रतिदिन दामापुर चौकी से उठाया जा रहा एवं केंद्राध्यक्ष को वितरित किया जाता है। प्रश्न पत्र संबंधी गोपनीयता को ध्यान में रखा जा रहा एवं परीक्षा उपरांत अमूल्यंकित उत्तर पुस्तिका को विकासखंड में जमा किया जा रहा है। केंद्राध्यक्ष निंगापुर उमेंद्र साहू के बताए अनुसार केंद्र में कुल पंजीकृत 49 परीक्षार्थी में से 45 परीक्षा में उपस्थित थें और 4 अनुपस्थित पाया गया। इसी प्रकार केंद्राध्यक्ष सेमरकोना



रमेश चंद्रवंशी के बताए अनुसार परीक्षा केंद्र सेमरकोना में पंजीकृत 16 परीक्षार्थी में से पूरे 16 उपस्थित थें। कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा केंद्र में पेयजल व्यवस्था, प्रकाश और हवादार कक्ष में कुर्सी टेबल में बैठने की व्यवस्था है, साफ स्वच्छ शौचालय व्यवस्था भी है। पर्यवेक्षकों के द्वारा शांतिपूर्ण परीक्षा लिया जा रहा है।

### भोरमदेव महोत्सव में कथक नृत्य ने बिखेरी जलवा



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत के ग्राम सैहामालगी निवासी कुमारी दुर्गेश सुरेश चंद्रवंशी ने एक बार पुनः भोरमदेव महोत्सव में अपने कथक नृत्य का जलवा बिखेरी एवं गांव का नाम रौशन किया। भोरमदेव के अलावा इन्होंने कथक नृत्य में सिरपुर महोत्सव मल्हार उत्सव चक्रधर उत्सव और बनारस में भी अपनी अद्भुत कला की प्रस्तुति दे चुके हैं, वहीं आकाशवाणी कलाकार के रूप में बी-ग्रेड के मान्यता प्राप्त की है। कलाकार के मान्यता हासिल की है, जिस पर उन्हे बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रेषित की।

# विधायक के नेतृत्व में कुण्डा मण्डल में बिछ रहा है सड़कों का जालः बालमुकुंद चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व एवं अथक प्रयास से



विधानसभा पंडरिया एवं कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्रामों में सड़कों का जाल बिछ रहा है, जिससे ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगम सुविधा मिलेगी। मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा डबल इंजन भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र व कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्रामों में निरंतर तीव्र गति से विकास प्रगतिरत है और इसी क्रम में विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में सड़क की जाल बिछ रहा है। श्री चंद्रवंशी ने कहा विगत दिनों भावना बोहरा कुण्डा तहसील अंतर्गत ग्राम सेमरकोना में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार रुपए की लागत से बहुप्रतीक्षित प्रतापपुर चौक से दामापुर स्थित नदी के पुल तक 12.70 किलो मीटर सड़क निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सुगम सड़क की सौगात दी। इस सड़क निर्माण से ग्राम सेमरकोना, रूसे, कापा, भगतपुर, कोलेगांव, निगापुर एवं दामापुर के रहवासियों सहित क्षेत्र की सैकड़ों गांव के रहवासियों को कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम सेमरकोना में ही 42 लाख 34 हजार की लागत से स्टॉप चेक डेम, सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का नवीन भवन का लोकार्पण किया व ग्राम पौनी (महली) में पौनी से कोड़ापुरी सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन एवं नवीन आंगनबाड़ी भवन की लोकार्पण किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से ग्राम माकरी से पटुवा तक पक्की सड़क निर्माण प्रगतिरत लागत राशि 585.58 लाख रूपए एमएल-05 मेन रोड से रैतापारा तक पक्की सड़क निर्माण प्रगतिरत लागत राशि 508.91 लाख रूपए, ग्राम हथमुड़ी से कोलेगांव तक पक्की सड़क निर्माण प्रगतिरत लागत राशि रु 476.65 लाख रूपए, ग्राम कुम्ही से बोड़तरा खुर्द तक सड़क नवीनीकरण प्रगतिरत लागत राशि 330.31 लाख रूपए, ग्राम रेहूंटा से कुम्ही तक सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 313.77 लाख रूपए, ग्राम दामापुर से बहबलिया तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 308.12 लाख रूपए, ग्राम कुण्डा से माकरी तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 235.77 लाख रूपए, ग्राम सेन्हाभाठा से महका तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 193.30 लाख रूपए, ग्राम कोड़ापुरी से पौनी तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 191.88 लाख रूपए, ग्राम कुण्डा से सेंहाभाठा तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत लागत राशि 169.70 लाख रूपए, ग्राम मोतेसरा से सामनापुर तक पक्की सड़क निर्माण कार्य निविदा प्रक्रियाधीन लागत राशि 122.80 लाख रूपए, ग्राम भटरूसे से पथर्री कझेटी तक पक्की सड़क निर्माण कार्य निविदा प्रक्रियाधीन लागत राशि 114.45 लाख रूपए, ग्राम केशलमरा से धोबघट्टी सड़क मरम्मत कार्य लागत राशि 135.10 लाख रूपए, पाण्डातराई से फास्टरपुर तक पक्की सड़क निर्माण 29 किलोमीटर लागत राशि 33 करोड़ रूपए कार्य आरम्भ जंगलपुर से लालपुर सड़क 476.42 लाख धौंराबंद बंशापुर से प्राणखैरा तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत 505.58 लाख रूपए निविदा प्रक्रियाधीन है। मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने इस सड़क निर्माण से क्षेत्र की विकास सुविधा और समृद्धि की नई राह है यह सड़क ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधा के साथ ही व्यापार शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों को उपज परिवहन करने में सुविधा होगी।

# नवरात्रि पर्व में मांस-मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु आदित्यवाहिनी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आदित्यवाहिनी कवर्धा द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान मांस-मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नवरात्रि पर्व पर भगवती की आराधना का महापर्व होता है, जब नौ दिनों तक हिंदू धर्मावलंबी अत्यंत आस्था पूर्वक देवी-मंदिरों में जाकर पूजा आराधना एवं धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किंतु इस दौरान नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मांस-मटन विक्रय केंद्र संचालित होने के कारण श्रद्धालुओं की उपासना प्रभावित होती है तथा उनकी आस्था पर चोट पहुंचती है। इसलिए धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि पर्व के दौरान मदिरा मांस बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। ताकि समाज में इस महापर्व के दौरान पूर्ण धार्मिक एवं सद्भावपूर्ण वातावरण और अनुशासन बना रहे।



इस दौरान आदित्य वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेशनंदन श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष कुलेश्वर सिंह राजपूत पीठ परिषद के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता, जिला सचिव बृजभूषण वर्मा, जिला संयोजक सुरेंद्र गुप्ता, मध्य क्षेत्र प्रमुख मोनू सिंह ठाकुर, सहसचिव अंकुश विश्वकर्मा, कोमल सिंह ठाकुर, अनिरुद्ध गुप्ता, सार्थक श्रीवास्तव आदि ने सम्मिलित रूप से ज्ञापन सौंपा।

# ग्रामीण गरीब हितग्राहियों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इन दिनों गरीब परिवारों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बारिश और भीषण गर्मी के बीच लोग अपने कच्चे, जर्जर और घास-फूस से बने मकानों में रहने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण परिवार खपरैल, खरपतवार और अस्थायी छतों के सहारे किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं। कवर्धा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द निवासी जलेश्वर धुर्वे ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम आवास प्लस सूची तैयार की गई थी, लेकिन वर्तमान में पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे गरीबों का पक्का घर का सपना अधूरा रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पीएम आवास योजना खासतौर पर गरीबों के लिए बनाई गई है, लेकिन कई पात्र परिवार अब भी वंचित हैं। लोगों का आरोप है कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद उन्हें एक पक्का मकान तक नसीब नहीं हो पा रहा है, स्थिति यह है कि हजारों गरीब परिवार आज भी झोपड़ीनुमा कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। यह समस्या केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम दौजरी, घुकसा, जेवड़नखुर्द, डबराभाट, राम्हेपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बरबसपुर, बीजाझोरी, नेवारी, जमुनिया, सारंगपुर खुर्द और बांझीमौहा सहित कई गांवों में देखी जा सकती है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए, ताकि वे सुरक्षित और पक्के मकान में रह सकें।

# नामदेव सामाजिक भवन में तेरस होली उल्लास का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगर स्थित नामदेव सामाजिक भवन में होली तेरस के पावन अवसर पर भव्य और यादगार आयोजन हुआ। नामदेव समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के तैलचित्र के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। आदित्यवाहनीय और उनकी टीम ने मंच संभाला और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ भक्ति की ऐसी अलख जगाई कि उपस्थित हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया। हनुमान चालीसा के गूंजते स्वर, ढोल-नगाड़ों की ताल और 108 बार राम नाम के जाप ने पूरे भवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालु झूमते नजर आए और हर कोई भक्ति के रंग में रंगा दिखा। जैसे ही भक्ति कार्यक्रम समाप्त हुआ, माहौल रंगों से सराबोर हो गया। गुलाल के साथ-साथ फूलों की होली खेली गई, जहां लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। फाग गीतों



की मधुर धुन और नगाड़ों की गूंज पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जमकर झूमे। इस भव्य आयोजन में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद दीपक सिंहा, नामदेव समाज के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्रा नामदेव सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और महिला मंडल की अध्यक्ष एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जीवन और उनकी भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, सेवा और सच्ची भक्ति का मार्ग दिखाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### बाल श्रम मुक्ति के लिए जागरूकता रथ रवाना

**कवर्धा।** जिले को बाल श्रम बाल विवाह के अभिशाप से मुक्त करने और बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर से बाल श्रम मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह अभियान एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन फॉर एराडिकेशन ऑफ चाइल्ड एंड एडोलसेंट लेबर' के अंतर्गत चलाया जा रहे अभियान का समर्थन करता है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में बाल श्रम पर पूर्णतः रोक लगाना है। कृषक सहयोग संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका स्थान कारखानों या दुकानों में नहीं, बल्कि स्कूलों में है।

### तकरीबन 3 हजार बेटियों को लगेगा वैक्सीन

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार में इस वैक्सीन की एक डोज़ की कीमत करीब 3 हजार रुपये है, जिसे शासन द्वारा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन ने जानकारी दी कि एचपीवी वायरस के संक्रमण से गर्भाशय मुख (सर्विक्स) में कैंसर का खतरा रहता है और यह टीका उससे बचाव में प्रभावी है। मितानिनों के सहयोग से बालिकाओं का पंजीयन कर उन्हें जागरूक किया गया और टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, समाजसेवी मंगल सारथी, सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. बोधन, डॉ. आकाश सोनी सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।




### 14 को डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिला अस्पताल में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 3 डायलिसिस मशीनों का अवलोकन भी किया गया। वर्तमान में 14 मरीज नियमित रूप से निःशुल्क डायलिसिस सुविधा का लाभ ले रहे हैं, जबकि पिछले माह कुल 127 डायलिसिस सत्र संचालित किए गए। जरूरत के अनुसार मरीजों को सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस दिया जाता है और अधिक मरीज होने पर रविवार को भी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अस्पताल में उपलब्ध यह सुविधा गंभीर मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। एक ओर जहां सरकार बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर डायलिसिस जैसी महंगी चिकित्सा सेवा को निःशुल्क उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।

# शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र आज से, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले शक्ति की भक्ति के इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योजि कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं।

जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्म नगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है। धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोष मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की गई है। पर्व के पूर्व ही मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनो कामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं और आज से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराये गए मनोकामना ज्योतिकलश जगमगाने लगेंगे।

सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं। जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया गया है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ सफ ाई कर आकर्षक साज सज्जा की गई है। ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की गई है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां कर ली है।केशरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### हिन्दू नववर्ष और रामनवमी भी नवरात्र में

वर्ष 2026 में चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च यानी गुरुवार से होगी। इसी दिन हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का भी आरंभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी पर हो रहा है। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। इसी के साथ नौ दिवसीय देवी आराधना का शुभारंभ होता है। चैत्र नवरात्रि 2026 की प्रमुख तिथियों नवरात्रि 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार से प्रारंभ होगी। महाष्टमी 26 मार्च 2026 को मनाई जाएगी। राम नवमी और नवरात्रि समापन 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च की सुबह 6.52 बजे से प्रारंभ होकर 20 मार्च की सुबह 4.52 बजे तक रहेगी।

# नाली से गैस के मजाक पर एनएसयूआई का करारा प्रहार

### एनएसयूआई ने कहा : महंगाई की मार, मोदी सरकार लाचार




- सड़कों पर उतरे छात्र-युवा, किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

एनएसयूआई कबीरधाम जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के निर्देश पर बुधवार को शहर एनएसयूआई कवर्धा ने महंगाई और रसोई गैस की बेलगाम कीमतों के खिलाफ आक्रामक तेवर अपनाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। एनएसयूआई कवर्धा शहर अध्यक्ष हरदीप पात्रे के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के सामने सिलैण्डर चाय दुकान विथ नाली गैस नाम से सांकेतिक चाय दुकान लगाकर केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकाम नीतियों की पोल खोली गई।

यह प्रदर्शन सीधे तौर पर उस सोच के खिलाफ था, जो आम जनता की पीड़ा का मजाक उड़ाते हुए नाली गैस जैसे बयान देती है। कांग्रेस कमेटी कवर्धा के शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने भी सरकार पर करारा हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। महंगाई ने हर घर की रसोई बुझा दी है और सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। यह सरकार गरीब, किसान और मध्यम वर्ग की दुश्मन बन चुकी है।

अब जनता सड़कों पर उतरकर इसका हिसाब लेगी और आने वाले समय में भाजपा को करारा जवाब मिलेगा। इस दौरान शहर अध्यक्ष हरदीप पात्रे ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन सत्ता में बैठी सरकार अहंकार में डूबी हुई है। गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं और प्रधानमंत्री केवल खोखले जुमले दे रहे हैं।

नाली गैस जैसी बातें जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही हैं,एनएसयूआई अब चुप नहीं बैठेगी, सड़कों पर संघर्ष तेज होगा और जनता की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। आईटी सेल जिला अध्यक्ष अंकित चौबे ने सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि नाली गैस जैसे बयान जनता की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि उनका मजाक उड़ाने के समान हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी हम देख रहे हैं कि जनता का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों में भारी नाराजगी है।

एनएसयूआई ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि गैस सिलेंडर की कीमतों में तत्काल राहत नहीं दी गई और महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के योगेन्द्र जोशी, राज साहू, राजीव, प्रदीप भट्ट, मारुति, निखिल, दुर्गेश, प्रकाश मेघेश, रितेश, मनीष, नंदल साहू, आशीष, दिलीप, अभिनव, अनिल, परमेश्वर, भावेश, डिक्कू, आयुष, रमाकांत, हिरेन्द्र बंजारे, राज बर्मन, छोलू, समीर, राजा यादव, अर्जुन यादव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए और महंगाई के खिलाफ जंग का ऐलान किया।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन का किया गया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, जिला कबीरधाम ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर और जिला संयोजक अर्जुन चंद्रवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मुख्य सचिव को पत्र भेजकर 11 सूत्रीय मांगों पर त्वरित निर्णय की मांग की गई है। फेडरेशन के आह्वान पर 18 मार्च 2026 को जिला एवं विकासखंड स्तर पर भोजनावकाश के दौरान कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

**लंबित मांगों को लेकर नाराजगी**

फेडरेशन के अनुसार, कर्मचारियों को लंबे समय से महंगाई भत्ता एरियर्स, पदोन्नति, वेतन विसंगतियों और नियमितीकरण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। फेडरेशन ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से जुलाई 2016 से लंबित डीए एरियर्स को जीपीएफ खाते में जमा करने, 8, 16, 24 और 32 वर्ष के आधार पर समयमान वेतनमान लागू किए जाने, 300 दिन की अर्जित अवकाश नगदीकरण की सुविधा दिए जाने, वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने, शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ दिए जाने, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय वेतनमान अनुकंपा नियुक्ति के लिए स्थायी आदेश जारी किए जाने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने की मांग की है।

# सत्र समाप्ति पर, परीक्षाफल कैसे बनाएं, अब तक स्पष्ट नहीं, एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्तमान शिक्षा सत्र समाप्ति की ओर है तथा वार्षिक परीक्षा भी आगामी 25 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है, लेकिन अब तक यह स्पस्ट नहीं है कि नवमीं व ग्यारहवीं का परीक्षाफल कैसे तैयार किया जाए? इसी तारतम्य छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर यह स्पष्ट करने की मांग किया है कि नवमीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षाफल बनाते समय अर्धवार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार जोड़ा जाएगा या नहीं? एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 26 सितंबर 2025 को जारी पत्र के बिंदु क्रमांक-3 में उल्लेखित है कि कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के लिए छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रुप में जोड़ा जाएगा अर्थात छःमाही का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किए जाएंगे। शासन के इसी पत्र में यह भी उल्लेखित है कि बिंदु क्रमांक-3 के संबंध में निर्णय हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को पृथक से प्रस्ताव शासन द्वारा प्रेषित किया जा रहा है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल से अब तक कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है, जिससे अर्धवार्षिक परीक्षा के 30 प्रतिशत अधिभार को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अधिभार दिए जाने की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण जिले के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों द्वारा अंकसूची भी प्रिंट नहीं कराया जा सका है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने अधिभार की स्थिति तत्काल स्पष्ट करने की मांग किया है।

### अस्पताल में पुलिस ने नहीं किया बल तैनात

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली से चौथी एवं छठवीं व सातवीं के लिए जिला स्तर से वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी किया गया है, जिसमें आगामी तीस मार्च व दो अप्रैल को आठवीं का केंद्रीकृत परीक्षा भी आयोजित है। इन दोनों तिथियों में एक साथ परीक्षा लिए जाने से स्कूलों में बैठक व्यवस्था के लिए कक्ष एवं पर्यवेक्षक के लिए शिक्षकों की कमी होगी। अतः जिले में परीक्षा के व्यवस्थित संचालन हेतु पहली से चौथी तथा छठवीं व सातवीं के लिए इन दोनों तिथियों में आयोजित परीक्षा तिथि को संशोधित किए जाने की मांग डीईओ से किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कक्षा नवमीं व ग्यारहवीं के लिए जिला स्तर से जारी वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी में परीक्षा का समय दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक रखा गया है। इस परीक्षा का आयोजन आगामी 25 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक होगा। मार्च के अंतिम सप्ताह व अप्रैल में पडने वाले गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए नवमीं व ग्यारहवीं के परीक्षा समय को संशोधित कर प्रातः 8 से 11 बजे करने की मांग भी डीईओ से किया गया है।

# मीना ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल, जिला कबीरधाम में पदस्थ श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल द्वारा रजत पदक प्राप्त कर न केवल वन विभाग अपितु पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया गया है। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा वेटलिफ्टिंग पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन खेल विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा गत दिनो किया गया। इस प्रतियोगिता में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत कार्यरत श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। श्रीमती धुर्वे ने 77 किलोग्राम वर्ग में 42 किलोग्राम एवं 55 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) सहित कुल 97 किलोग्राम भार उठाकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व भी उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विभाग का गौरव बढ़ाया है। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल द्वारा श्रीमती धुर्वे को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, वनमंडल परिवार द्वारा भी उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### दूरस्थ और बैगा अंचलों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर मिलेगी बेहतर नेत्र जांच सुविधा

# नगर पंचायत बोड़ला में आधुनिक विजन सेंटर का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कबीरधाम जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत आधुनिक विजन सेंटर (नेत्र जांच केंद्र) का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र साइटसेवर्स इंडिया के वित्तीय सहयोग तथा जन कल्याण सामाजिक संस्थान और उदयाचल सामाजिक संस्था, राजनांदगांव के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया गया है। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. डीके तुरे ने किया। इस अवसर पर चोलामंडलम संस्था के प्रतिनिधि लतीफ ब्रांच मैनेजर, जायसवाल और श्री सिन्हा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, बीपीएम रूपेश साहू, नेत्र सहायक भीषम कोसले सहित जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह तथा उदयाचल सामाजिक संस्था के हेमंत तिवारी, पवन लोहिया और विजय हरिहरनो उपस्थित रहे।



डॉ. डीके तुरे ने कहा कि बोड़ला क्षेत्र के लिए यह विजन सेंटर एक बड़ी उपलब्धि है। आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित यह केन्द्र अब स्थानीय स्तर पर बेहतर नेत्र जांच और उपचार सेवाएं प्रदान करेगा। विशेष रूप से मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को समय पर पहचान और इलाज की सुविधा मिलेगी, जिससे दूरस्थ ग्रामीण एवं बैगा आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को राहत मिलेगी। साइटसेवर्स इंडिया रायपुर की प्रोग्राम ऑफिसर पूजा सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेत्र वसंत रूरल आई हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत बैगा बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बोड़ला और पंडरिया ब्लॉक का चयन किया गया। इस अभियान के तहत व्यापक सर्वे और नेत्र जांच शिविरों के माध्यम से 3 हजार से अधिक मोतियाबिंद मरीजों की पहचान की गई है, जिन्हें उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। इनमें उदयाचल सामाजिक संस्था, राजनांदगांव का बेस हॉस्पिटल, सूर्य नेत्रालय कबीरधाम तथा जिला चिकित्सालय कबीरधाम शामिल हैं, जहां सफल सर्जरी के माध्यम से मरीजों को दृष्टि लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, जन कल्याण सामाजिक संस्थान, उदयाचल सामाजिक संस्था और चोलामंडलम का उल्लेखनीय सहयोग रहा है। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से बैगा अंचलों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिल रही है। नव स्थापित विजन सेंटर के माध्यम से अब क्षेत्र के लोगों को नियमित नेत्र जांच, दृष्टि परीक्षण, मोतियाबिंद की पहचान तथा आवश्यक परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा और अनावश्यक रूप से दूर शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता भी कम होगी।

# चटपटी फूल की खुशबू से महक रहा है वनांचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनों वनांचल की आबोहवा में एक विशेष प्रकार की और मनमोहक खुशबू छाई हुई है। जंगली क्षेत्र के रास्तों से प्रायः सुबह और शाम के वक्त गुजरने वाले राहगीरों को इन दिनों भीनी-भीनी सुगन्ध का अहसास होता है ऐसा लगता है जैसे पूरे माहौल में प्रकृति ने खुशबूदार इत्र का स्प्रे किया हो। इन दिनों अंचल में फैल रही यह खुशबू जंगलों में पाए जाने वाले एक झाड़ी नुमा वृक्ष के गुच्छेदार फूलों से निकल रही है जिसे स्थानीय बोली में चटपटी फूल कहा जाता है। स्थानीय वनवासी बताते हैं कि काफी घने और हरे पत्तों वाले चटपटी की झाड़ियों में अक्सर शेर और तेंदुआ विश्राम करते हैं। पंडरिया क्षेत्र के वनांचलों में चटपटी की झाड़ियों देखी जा सकती हैं।

# संस्कृति महिला मंडल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**पाण्डातराई।** संस्कृति महिला मंडल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय गुप्ता धर्मशाला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के मनोरंजक एवं प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष कविता गुप्ता, सचिव उषा गुप्ता, संरक्षिका रानी गुप्ता, इकाई अध्यक्ष माया गुप्ता, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा गुप्ता, सचिव नविता गुप्ता सहित ममता गुप्ता, उषा गुप्ता, मीरा गुप्ता, आरती गुप्ता, बरखा गुप्ता, मधु गुप्ता, दुर्गेश नंदिनी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, गुंजा गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता एवं सुमन गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और अंत में सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने महिलाओं में उत्साह, एकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य किया।